भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1755
18 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र के सीपीएसई द्वारा की गई भर्ती

1755. डॉ. अनिल सुखदेवराव बोंडे :
श्री सतीश चंद्र दूबे :
श्रीमती कान्ता कर्दम :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात क्षेत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) द्वारा की गई भर्तियों का ब्यौरा क्या है ;
(ख) सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ; और
(ग) क्या सरकार इस्पात क्षेत्र के सीपीएसई में अग्नि-वीरों को समायोजित करने की भी योजना बना रही है ?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) वर्ष 2022-23 में इस्पात सीपीएसआई द्वारा की गई भर्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

सीपीएसई	**भर्तियों की संख्या**
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)	1084
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	2

(ख) इस्पात सीपीएसई ने मिशन भर्ती हेतु डीओपीटी द्वारा जारी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए रिक्तियों को भरने की भर्ती प्रक्रिया को तेज कर दिया है ।

(ग) इस्पात सीपीएसई द्वारा अग्निवीरों को संगठनात्मक भर्तियों और इस संबंध में सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा उनकी भर्ती नीति के अनुसार नियोजित किया जा सकता है।

******